# राजस्थान सरकार
## स्वायत्त शासन विभाग राज. जयपुर

जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन्स फाटक सी–स्कीम, जयपुर।
टेलीफैक्स :– 0141–2222403, ई–मेलः–dlbrajasthan@gmail.com वेब साईटः– www.lsg.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांकः–एफ 55( )Engg./CE/DLB/SBM/मशीनहॉल/2020/53465 दिनांकः–24/11/2020

## परिपत्र

**विषय :–** **सीवर सफाई कार्य में मानवीय उपयोग निषेध मानते हुये यह कार्य आधुनिक मशीनो एवं सुरक्षा उपकरणो के साथ किये जाने तथा सफाई सुरक्षा चैलेंज के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश।**

**संदर्भ :–** **विभागीय परिपत्र दिनांक 14.10.2015, 30.08.2019 एवं पत्रांक 31941 दिनांक 01.07.2020 तथा भारत सरकार द्वारा दिनांक 19.11.2020 को आयोजित विडियो कान्फ्रेसिंग में दिये गये निर्देशो के क्रम में।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत सीवर सफाई के दौरान नियमित सफाई और अनुरक्षण, अधिकतम यंत्रीकरण, निर्धारित नियमों और मानक संचालन प्रकिया एवं सुरक्षा उपकरणों के साथ सेप्टिक टैंक और सीवर सफाई को सुनिश्चित किया जाना है। असुरक्षित सफाई करवाना कानूनी जुर्म है।

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा World Toilet Day (19th Nov. 2020) पर सभी राज्यों के साथ विडियों कान्फ्रेसिंग कर सभी राज्यो से ''सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज'' की शपथ दिलवाते हुये सभी को मेनहॉल का नाम मशीन हॉल परिवर्तित करने का आह्वान किया साथ ही टूलकिट, एडवाईजारी एवं ट्रेनिंग मॉड्यूल एवं IEC मेटेरियल का विमोचन किया गया। **भारत सरकार के निर्देशानुसार मैनहॉल का नाम ''मशीनहॉल'' परिवर्तित किया जाता है।**

पूर्व में प्रदत्त निर्देशो की निरन्तरता में जिन निकाय में सीवरेज सिस्टम चालू है, को एक हेल्पलाईन नम्बर (03 Digit Helpline Number) चालू किया जाना है, भारत सरकार के पत्रांक D.O. No. 15/19/2020-SBM-1 दिनांक 20.11.2020 द्वारा निर्धारित प्रकिया अनुसार BSNL में आवेदन कर **उक्त हेल्प लाईन कॉल सेन्टर सभी नगर निगमों में एक सप्ताह में चालू किया जाना है।** इस हेतु आवश्यक राशि स्वच्छ भारत मिशन के CB and A&OE मद से तथा कॉल सेन्टर की प्रचार–प्रसार IEC मद में उपलब्ध राशि से नियमानुसार किया जाना है। निगर निगमों के कोर्डिनेटस् भारत सरकार को भिजवाये जा चुके है, जिनकी मॉनिटरिंग भारत सरकार द्वारा अलग से की जा रही है।

माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा महात्मा गांधी जयन्ती 02 अक्टूबर 2019 को राज्य स्तरीय समारोह में आह्वान किया कि सीवर सफाई कार्य में मानवीय उपयोग निषेध मानते हुये आगामी एक वर्ष में यह कार्य मशीनों व सुरक्षा उपकरणों से पूर्ण किये जाने के निर्देश प्रदान किये थे। जिसकी पालना में यंत्रीकरण एवं सुरक्षा उपकरणों के कय हेतु विभाग द्वारा वार्षिक दर संविदा पर कय के निर्देश सभी निकायों को पूर्व में प्रदान किये जा चुके है।

सीवर लाईन एवं सेप्टिक टैंको की सफाई मशीनों से किया जाना सुनिश्चित किया जाना है। संवेदक के माध्यम से करवाये जाने की स्थिति में टेण्डर डाक्यूमेन्ट में शर्तो में यथा आवश्यक शर्त समाहित करना सुनिश्चित किया जावें।

सीवरेज सिस्टम वाली निकायों में Responsible Sanitation Authority (RSA) तथा Emergency Response Sanitation Unit (ESRU) गठित की जाकर निदेशालय को इसकी प्रति भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।

